विज्ञान नीति संबंधी समिति का गठन

202. **श्री संतोष बागड़ोदिया :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विज्ञान नीति के संबंध में कार्यान्वयन समिति का गठन कब किया गया था और इसके सदस्यों के नाम क्या क्या हैं तथा समिति के अन्य ब्यौरे क्या हैं ;

(ख) क्या समिति ने कोई सिफारिशें की हैं, यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है तथा उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ;

(ग) क्या सरकार सलाहकार सेवाओं के विकास के लिए इस समिति की सिफारिशों के क्रियान्वयन पर विचार कर रही है ; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा महासागर विकास, परमाणु, उर्जा इलैक्ट्रानिकी और अन्तरिक्ष विभागों में राज्य मंत्री श्री के० आर० नारायणन) : (क) हालांकि विज्ञान संबंधी नीति के निर्धारण और कार्यान्वयन तथा इनसे संबंधित मामलों के लिए अनेक कार्यविधियां हैं, लेकिन "विज्ञान नीति पर कार्यान्वयन समिति" नामक कोई मौजूदा समिति नहीं है ।

(ख) से (घ) प्रश्न ही नहीं उठता ।

Foreign collaboration for manufacture of Monochrome Glass Shells

203. DR. BAPU KALDATE: Will the PRIME MINISTER be pleased to refer to answer to Unstarred Question 2144 given in the Rajya Sabha on the 14th March, 1989 and state what benefits are likely to accrue from the project of M/s. Sumitomo Corporation Ltd., New Delhi for foreign collaboration with (1) Nippon Electric Glass Com. Ltd., Japan and (2) M/s. Sumitomo Corporation, Japan for the manufacture of Monochrome Glass Shells?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY AND THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF OCEAN DEVELOPMENT, ATOMIC ENERGY, ELECTRONICS, AND SPACE (SHRI K. R. NARAYANAN): Glass shells for Black & White TV picture tubes are being imported in large quantity. The setting up of above project will result in substantial saving in foreign exchange apart from adding to industrial activity in the country.

"भेल' द्वारा बोफोर्स तोपों का निर्माण

204. **श्री राम जेठमलानी :** क्या रक्षा मंत्री 28 मार्च, 1988 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न संख्या 3201 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को बोफोर्स 155 एम एम एफ एच 77 बी तोपों का देश में ही निर्माण करने के संबंध में भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लिमिटेड से जानकारी प्राप्त हो गई है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने उन तोपों के निर्माण के लिए अपनी स्वीकृति दे दी है ; और

(ग) यदि नहीं, तो स्वीकृति देने में विलम्ब के क्या कारण हैं ?

रक्षा मंत्रालय में रक्षा उत्पादन और पूर्ति विभाग में राज्य मंत्री (श्री चिंतामणि पाणिग्रही)) : (क) से (ग) भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लिमिटेड और अन्य संभावित एजेंसियों से प्राप्त अति-